प्रदेश में दीपावली से पहले लागू होगा यूसीसी

सीएम को सौंपा प्रतिवेदन, मानसून सत्र में सदन में पेश होगा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सोमवार को समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने संहिता का प्रतिवेदन सौंपा. इसी के साथ विधानसभा के मानसून सत्र में ही यूसीसी विधेयक सदन में पेश करने की राह खुल गई है. यानी अब मप्र में यूसीसी दीपावली से पहले लागू हो जाएगा. यूसीसी प्रतिवेदन में समिति ने प्रदेश के जनजाति समुदाय को इससे अलग रखा है. यूसीसी कानून इस समुदाय पर लागू नहीं होगा. बाकी सभी वर्गों के लिए ये बाध्यकारी होगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया. इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रो. गोपाल शर्मा, बुधपाल सिंह, शोभा पैठणकर एवं समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया मौजूद थे. प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खंडों में संकलित है. पहले खंड में समिति की अनुशंसाओं का प्रतिवेदन है और इसमें समिति ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के विभिन्न विधियों एवं प्रथाओं का विश्लेषण कर अपनी अनुशंसाएं प्रतिवेदित की है. इस खंड में 10 अध्याय है. प्रतिवेदन का दूसरा खंड विधेयक के प्रारूप के रूप में है. समिति द्वारा प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप को मध्यप्रदेश में प्रचलित विधियों एवं नियमों के दृष्टिगत तैयार किया गया है. प्रस्तावित विधेयक के 4 भाग, 404 धाराएं एवं 7 अनुसूचियां है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे गए तीसरे खंड में जन परामर्श प्रतिवेदन है, जिसमें समिति द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं वेबसाइट के माध्यम से किये गए व्यापक जन-परामर्श का विवरण है. समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे. उनका प्रश्नवार, लिंगवार एवं समुदायवार विश्लेषण इस खंड में शामिल है.

> समिति ने अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की अनुशंसा की है. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को विभिन्न व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विषयों, जैसे विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण तथा लिव-इन संबंधों से संबंधित प्रचलित व्यवस्थाओं के अध्ययन करने का दायित्व सौंपा गया था. समिति ने उक्त अनुसार मध्यप्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रारूप तैयार करने का कार्य किया है. समिति ने मूल आधार, लैंगिक समानता सुनिश्चित करना, विविध अनुष्ठानिक प्रथाओं को अप्रभावित रहने देना, प्रचलित रीति-रिवाजों एवं प्रथाओं का सम्मान करना एवं संवैधानिक उपबंधों एवं लोकनीति की दिशा में कार्य किया है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा समिति की अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई, समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ सलाहकार शत्रुघ्न सिंह एवं सदस्य अनूप नायर का भी धन्यवाद ज्ञापित किया जो व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सकें. समिति द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन राज्य शासन के विधि विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है. विधेयक के परिमार्जन एवं वरिष्ठ सचिव समिति की प्रक्रिया के बाद विधेयक मंत्रि-परिषद की स्वीकृत के बाद मानसून सत्र में ही विधानसभा में रखे जाने की संभावना है.

कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों से सीएम ने की वन-टू-वन चर्चा

▸ गूगल प्ले के साथ हुआ एमओयू

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर के विशेष सत्र में देश एवं विदेश की 10 प्रतिष्ठित संस्थाओं के उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा के दौरान राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, नई परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य के रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से संवाद किया. इस महत्वाकांक्षी कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य उच्च-विकास वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश की गति को तीव्र करना है, जिससे प्रदेश को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में देश के अग्रणी और सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्यों में स्थापित किया जा सके. बैठक में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रमुखों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीकी अवसंरचना और अनुसंधान एवं विकास से जुड़े अपने भावी प्रस्ताव एवं परियोजनाओं का खाका प्रस्तुत किया. कॉन्क्लेव में गूगल प्ले के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल क्षमता विकास के क्षेत्र में सहयोग संबंधी महत्वपूर्ण एमओयू किया गया.प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सीसीआईपी ने भोपाल में एमराल्ड कंपनी की 422 करोड़ रुपये की पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) मैन्युफैक्चरिंग परियोजना को स्वीकृति दी है. इस परियोजना से 314 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे. कॉन्क्लेव में पारस सेमीकंडक्टर्स के सीईओ संतोष कुमार ने कहा कि पारस सेमीकंडक्टर्स द्वारा मध्यप्रदेश में भारत की पहली अत्याधुनिक एडवांस्ड हेटेरोजीनियस पैकेजिंग ओसेट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) इकाई की स्थापना के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है.

सीएम भारत मंडपम में निवेशकों से करेंगे संवाद

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 से 16 जुलाई तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2026 में देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांडों से संवाद कर मध्यप्रदेश में निवेश के नए अवसरों को गति देंगे. एकल उद्योग बैठकों, राउंड टेबल चर्चा, समझौता ज्ञापनों और निवेशक संवाद के माध्यम से राज्य में टेक्सटाइल, गारमेंट एवं फुटवियर क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी. भारत टेक्ट-2026 में मप्र का विशेष पेवेलियन राज्य की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, कौशल विकास, पीएम मित्र पार्क तथा टेक्सटाइल क्षेत्र की संपूर्ण औद्योगिक श्रृंखला को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा.

अग्निवीर सेना भर्ती रैली 28 से

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. शहर के नाथू बरखेड़ा के इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है, जो 8 अगस्त तक जारी रहेगी. इसको लेकर कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की गई.

इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर बुनियादीं सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. साथ ही कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि यदि कोई अधिकारी इस काम में किसी भी तरह की लापरवाह करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. दरअसल भोपाल में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रैड्समैन के लिए 15 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे. भर्ती तीन चरणों की जाएगी. अभ्यर्थी लगभग 12 दिनों तक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में ही ठहरेंगे. रैली में भोपाल के साथ अशोकनगर, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्णा, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा जिले के पुरुष अभ्यार्थियों को भर्ती परीक्षा में भाग लेने के लिए बुलाया गया है. बैठक में सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल जयशंकर सिंह ने बताया कि सेना ने अग्निवीर भर्ती के लिए 1 से 12 जून तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया था. सीईई एग्जाम का परिणाम 12 जुलाई को जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है.

गोयल का सम्मान

बैरसिया,. प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदम सिह गोयल की पदोन्नति हो गई है. अब वे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैरसिया हो गए है. कार्यालय स्टाफ,जनप्रतिनिधियों और किसानों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया. और बधाई दी.

शोध कार्य राज्य हित से जुड़े विषयों पर केंद्रित करें

▸ पंचायत राज संस्थान की बैठक में मंत्री पटेल ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान की समीक्षा बैठक में संस्थान की गतिविधियों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि संस्थान में होने वाले शोध कार्य राज्यहित से जुड़े विषयों पर केंद्रित हों, जिससे उनके निष्कर्ष नीति निर्माण और ग्रामीण विकास की योजनाओं में उपयोगी सिद्ध हो सकें. पटेल ने कहा कि स्वच्छता, चिन्हित क्षेत्रों की विकास संबंधी चुनौतियों तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल स्रोतों की वास्तविक स्थिति जैसे विषयों पर शोध कार्य को प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के समन्वय से संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे प्रतिभागियों को बहुआयामी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो सके. मंत्री ने कहा कि संस्थान की स्थापना को तीन दशक पूर्ण हो चुके हैं। ऐसे में वर्तमान समय की आवश्यकताओं और नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संस्थान के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का विस्तृत प्रारूप तैयार कर भारत सरकार को भेजा जाए. बैठक में संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक 602 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से 18,981 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है.

विधायक निधि से बैरसिया की 33 पंचायतों को दिए टैंकर

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 13 जुलाई. कृषि उपज मंडी परिसर में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने विधायक निधि से 33 ग्राम पंचायतों को 33 टैंकर वितरित किए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक खत्री ने कहा कि उन्होंने पहले चरण में बैरसिया जनपद की 110 ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर दिए थे.

दूसरे चरण में 16 ग्राम पंचायतों को टैंकर दिए और अब तीसरे चरण में 33 टैंकर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को सौपे हैं. ये टैंकर गांव में पेयजलापूर्ति के साथ मांगलिक कार्यों शादी विवाह, यज्ञ, कथा और निर्माण कार्यो में बेहद उपयोगी साबित होंगे. विधायक ने कहा कि सहकारिता, स्वास्थ्य और लंबित राजस्व मामलों के निपटार के लिए गांव-गांव में कैंप लगाए जाएंगे. जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिह गुर्जर ने कहा कि विधायक विष्णुह्य खत्री के प्रयासों से 50 करोड़ की लागत का सांदीपनि स्कूल भवन तैयार है. 18 जुलाई को दतिया जिले से सीएम वर्चुअल उद्घाटन करेंगे. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष तीरथ सिह मीणा, पूर्व अध्यक्ष केदार सिह मंडलोई, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शर्मा, गोपाल सिह, पर्वत सिंह पटेल, राजमल कुशवाह, जनपद सीईओ देवेश सराठे, मंडी सचिव वासुदेव गुप्ता, राम बावू गुर्जर, अंशुल आगर, सुनील कुमार भालेकर सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा का लोकार्पण आज

भोपाल. आंचलिक विज्ञान केन्द्र में विकसित अत्याधुनिक 'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा' का लोकार्पण मंगलवार को सायं 5:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में किया जाएगा.

यह अत्याधुनिक दीर्घा विज्ञान के लोकप्रियकरण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार तथा अनुभवात्मक विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

निगम कर संशोधन की प्रक्रिया में बदलाव

▸ अधिक कर होने पर निगम के अधिकारी कर सकेंगे निर्धारित

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. संपत्तिकर निर्धारण और टैक्स कम करने के मामलों में सामने आई अनियमितताओं के बाद नगर निगम ने कर संशोधन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है.

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने आदेश जारी कर अधिकारियों के वित्तीय अधिकार तय कर दिए हैं. जिससे अधिकारी अपनी निर्धारित सीमा तक ही टैक्स में संशोधन कर सकेंगे. निगमायुक्त ने जो आदेश जारी किए हैं उसके अनुसार 12 हजार रुपए तक के टैक्स में संशोधन का अधिकार जोनल अधिकारी को दिया गया है. वहीं, 12 हजार से 50 हजार रुपये तक सहायक आयुक्त या प्रभारी राजस्व अधिकारी कर सकेंगे. 50 हजार से 2.50 लाख रुपये तक के मामलों का निपटारा संबंधित नोडल अधिकारी करेंगे. इससे अधिक राशि वाले प्रकरण अपर आयुक्त (राजस्व) के माध्यम से आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे. वहीं, वार्ड और जोन कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों पर दो दिन, सामान्य मामलों का निराकरण सात कार्य दिवस और निरीक्षण वाले मामलों का एक माह में निपटारा करना अनिवार्य किया गया है. विगत दिनों नगर निगम में संपत्तिकर कम करने और कर निर्धारण में गड़बड़ियां सामने आई हैं.

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच, पौधरोपण किया

बैरसिया, 13 जुलाई. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सेवा सप्ताह अंतर्गत बैरसिया एवं डुंगरिया प्रखंड द्वारा गल्ला मंडी प्रांगण स्थित खाटू श्याम मंदिर के समीप नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं औषधि वितरण का आयोजन किया गया.

शिविर में महिलाओं से संबंधित रोगों, मधुमेह तथा सामान्य स्वास्थ्य की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई. चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद नि:शुल्क दवाएं दी. इसके अलावा पौधरोपण भी किया गया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जनकसिंह राजपूत , जिला मंत्री जितेंद्र मीणा, जिला दुर्गा वाहनी संयोजिका काजल सिंह राजपूत, राजेंद्र भार्गव, सुनील राजपूत , प्रदीप शर्मा , गब्बर सिंह राजपूत, अशोक दांगी, कमल सिंह राजपूत, जितेंद्र राजपूत, रवि साहू कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

लंबित राजस्व मामलों पर लगाई फटकार

▸ शासकीय आवासों में अवैध रूप से रहने पर होगी कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 13 जुलाई. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा कार्यों की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की.

राजस्व प्रकरणों की शिकायतें सबसे अधिक कोलार तहसील में लंबित पाई गई. जिस पर कलेक्टर ने संबंधित को फटकार लगाते हुए कहा कि जितनी जल्द हो सके सीएम हेल्पलाइन के अलावा अन्य लंबित मामलों का निराकरण किया जाए. अन्यथा कार्रवाई की जाएगी. इस मौके पर एडीएम सुमित पांडे, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी भी मौजूद थीं. शासकीय आवासों में रह रहे अनाधिकृत लोग रह रहे हैं जिनकी शिकायत भी सीएम हेल्पलाइन भी लंबित होने से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जांच करने के लोक निर्माण विभाग का निर्देश दिए. यदि किसी आवास में अनाधिकृत व्यक्ति निवासरत पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए.

ई-अटेंडेंस लगाने में आ रही परेशानी होगी दूर

▸ अन्य जगहों पर पदस्थ शिक्षकों को मिलेगी अपने शहर से हाजिरी की सुविधा

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 13 जुलाई. मप्र के सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस सिस्टम को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) बड़ी राहत देने की तैयारी में है. ऐसे शिक्षक जो वर्तमान में बीएड, एमएड जैसे कोर्स कर रहे हैं या फिर संकुल प्राचार्य के रूप में अपनी मूल शाला से दूर किसी अन्य जगह पर तैनात हैं. उन्हें अब हाजिरी लगाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा.

विभाग इन शिक्षकों को उनके वर्तमान पोस्टिंग वाले शहर या संस्थान से ही मोबाइल एप के जरिए उपस्थिति दर्ज करने की विशेष सुविधा देने जा रहा है. विभाग के मुताबिक इस तकनीकी बदलाव का काम अगले तीन से चार दिनों में पूरा कर लिया जाएगा. जिसके बाद इन शिक्षकों की इस समस्या का पूरी तरह समाधान हो जाएगा.

200 मीटर के दायरे में ही लगेगी हाजिरी

ई-अटेंडेंस के नियमों को लकेर डीपीआई की तरफ से यह भी साफ किया गया है कि जिन शिक्षकों की पोस्टिंग उनकी शाला में ही है, और वह कहीं और पदस्थ नहीं हैं. उन्हें की कोई ढील नहीं दी जाएगी. ऐसे शिक्षकों को अपने विद्यालय में पहुंचकर ही मोबाइल एप में लॉगिन और लॉगआउट करना होगा. बता दें यह पूरी प्रक्रिया जियो-फेंसिंग तकनीक पर काम करती है, जिसमें वर्तमान में स्कूल के डाइस कोड को फिक्स कर इसे मैप से लिंक कर दिया गया है. जिससे शिक्षक अपनी यूनिक आईडी से निर्धारित लोकेशन पर आकर ही उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं. बता दें हाजिरी दर्ज करने की यह प्रक्रिया केवल स्कूल परिसर के 200 मीटर के दायरे में रहकर ही की जा सकती है.

95 फीसदी से ज्यादा शिक्षक आसानी से लगा रहे

डीपीआई के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में फिलहाल 95 प्रतिशत से अधिक शिक्षक बिना किसी परेशानी के हर दिन एप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. जिन गिने-चुने शिक्षकों को कोई तकनीकी समस्या आ रही है, उनके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विशेष कमेटियों का गठन किया गया है. परेशान शिक्षक इस कमेटी में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा.

जाहिर सूचना

खसरा क्र. 104/106/4/1 (S) सम्पूर्ण रकबा 0.6380 हे., खसरा क्र. 105/1 (S) सम्पूर्ण रकबा 0.6190 हे., एवं खसरा क्र. 104/106/4/2 (S) सम्पूर्ण रकबा 0.9000 हे., इस प्रकार कुल रकबा 2.157 हे. भूमि, स्थित ग्राम: इजगिरी, पटवारी हल्का नं. 101, तहसील बैरसिया, ज़िला भोपाल, म.प्र.। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1. हमीर सिंह पुत्र कमल सिंह, आयु वयस्क, निवासी–103, ग्राम इजगिरि, दिल्लोद, भोपाल, म.प्र. (खसरा क्रमांक–104/106/4/1 (S) एवं 105/1 (S) के स्वामी) एवं 2. कमल सिंह पुत्र केवल किशन, आयु वयस्क, निवासी–ग्राम इजगिरि, दिल्लोद, भोपाल, म.प्र. (खसरा क्रमांक–104/106/4/2 (S) के स्वामी) तथा सहमतिकर्ता राकेश सिंह ठाकुर पुत्र सरदार सिंह ठाकुर, आयु वयस्क, निवासी–म.नं. 02, राजपूत धरम कांटा, कृषक नगर, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य एवं अनुबंधित की कृषि भूमि, कंप्यूटरीकृत भू–अभिलेख अनुसार खसरा क्र. 104/106/4/1 (S) का सम्पूर्ण रकबा 0.6380 हे., खसरा क्र. 105/1 (S) का सम्पूर्ण रकबा 0.6190 हे., एवं खसरा क्र. 104/106/4/2 (S) का सम्पूर्ण रकबा 0.9000 हे., इस प्रकार कुल रकबा 2.157 हे. अर्थात 5.32 एकड़ भूमि, जो कि ग्राम: इजगिरी, पटवारी हल्का नं. 101, तहसील बैरसिया, ज़िला भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत में स्थित है, को क्रय करने हेतु सहमतिकर्ता को टोकन राशि अदा कर रसीद निष्पादित कर ली है। यह कि सहमतिकर्ता उपरोक्त भूमि के मूल स्वामियों के अनुबंधकर्ता हैं, इस कारण टोकन राशि सहमतिकर्ता को अदा की गयी है व अब आगामी कार्यवाही उपरांत अनुबंध एवं विक्रय पत्र के पंजीयन का निष्पादन होना शेष है। उपरोक्त संपत्ति के क्रय विक्रय के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, आदि को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त सौदा होने से किसी का कोई हित प्रभावित होता हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में, प्रासंगिक दस्तावेज़ मय लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समायावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में अथवा अन्य किसी के पक्ष में करने हेतु स्वतंत्र होगा व ऐसी स्थिति में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मोहम्मद इरशाद कुरैशी अधिवक्ता
आफिस- चैंबर नंबर 103 व 105, प्रथम तल, सिंधई हाइट्स, बिग ब्राइट्स मार्ट के सामने, जहांगीरिया स्कूल लेन, इब्राहिमपुरा, भोपाल, मोबाइल नंबर- 9981036131

MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LTD.
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W), A.T.P.S., CHACHAI
Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855

No. 001-04/P&W/NIT/1104 — Chachai, dtd. : 10.07.2026

NOTICE INVITING TENDER "Through E-tendering only"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

Tender-ID	Tender Particulars	Estimated Cost (Rs.)	EMD (in Rs.)	Bid Submission End Date & Time	Date & Time of Opening of e-tender
Tender ID: 2026_MPPGC_515451_1	Work for repairing and renewal coat of internal roads in residential colony at ATPS Chachai.	4997955/-	100000/-	Dtd. 03.08.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 07.08.2026 from 15:30 hrs. onwards
Tender ID: 2026_MPPGC_477764_1	Construction of two Nos. Parking sheds adjacent to existing parking in front of service building at ATPS Chachai.	1139894/-	22800/-	Dtd. 03.08.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 07.08.2026 from 15:30 hrs. onwards
MPPGCL Tender No.- 2025_MPPGC_463995_3	Supply, installation & commissioning of C&I spares for Jockey pump, Hydrant pump & cable gallery fire fighting system installed at 210 MW ATPS MPPGCL Chachai.	4852154/-	97000/-	Dtd. 03.08.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 07.08.2026 from 15:30 hrs. onwards
MPPGCL Tender No.- 2026_MPPGC_520020	Procurement of pneumatic fittings, tubings, hose and valves for I&C division 210 MW ATPS MPPGCL Chachai.	2903167/-	58100/-	Dtd. 03.08.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 07.08.2026 from 15:30 hrs. onwards
Tender ID: 2026_MPPGC_495353_2	Track fitting renewal (TFR) work for the existing PSC sleeper i.e. Supply and fixing of groove rubber pad, metal linner and elastic rail clip under PSC sleeper in MPPGCL private railway line from Xing No.16 inside power house to sangma loading platfrom in DOCM siding at ATPS Chachai.	4620361/-	92400/-	Dtd. 23.07.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 28.07.2026 from 15:30 hrs. onwards

Note :- For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** For any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in.** Any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.

M.P. Madhyam/126836/2026 — **"SAVE ELECTRICITY"** — **SE (P&W)**